आया फागुन मेला हम खाटू जाएंगे

ज्योत जगाएंगे निशान उठाएंगे,
आया फागुन मेला हम खाटू जाएंगे॥

है किरपा बाबा की हर बार बुलाता है,
आवाज लगाते हैं लीले चढ़ आता है,
मेरी नईया के माँझी, बाबा बन जाएंगे,
आया फागुन मेला हम खाटू जाएंगे॥

बाबा से करे बाते खाटू में जा करके,
अरदास लगाएंगे बाबा जी के आगे,
वो सुनते हैं सबकी, हम उनको सुनाएंगे,
आया फागुन मेला हम खाटू जाएंगे॥

है भाव का भुखा श्याम, बस भजन करो दिल से,
फिर देख नजारा तू मेरे बाबा से मिल के,
“घोटू” भज श्याम सदा, बाबा मिल जाएंगे,
घोटू रख धीर जरा, सब काम बन जायेंगे,
आया फागुन मेला हम खाटू जाएंगे....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26357/title/aaya-fagun-mela-hum-khatu-jayenge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |